कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश।

संख्या–एम0ई0–3 / पी0जी0–2024 / 2137 लखनऊःदिनांक 26/09/ 2024

यू0पी0 नीट पी0जी0–2024 के अन्तर्गत ऑनलाइन काउन्सिलिंग के पंजीकरण के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना।

इस कार्यालय के पत्र संख्याःएम0ई0–3 / यू0जी0–2024 / 2104, दिनांक 21.09.2024 (हिन्दी) तथा पत्र संख्याःएम0ई0–3 / 2024 / 2106, दिनांक 21.09.2024(अंग्रेजी) के द्वारा यू0पी0 नीट पी0जी0–2024 की ऑनलाईन काउंसिलिंग हेतु पंजीकरण की तिथि 23.09.2024 से 28.09.2024 को अपरान्ह 05:00 बजे तक निर्धारित करते हुए विभागीय वेबसाइट एवं दैनिक समाचार पत्रो में सूचना प्रकाशित करायी गयी है।

उक्त के कम में यू0पी0 नीट पी0जी0–2024 की काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को पुनः सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समयान्तर्गत अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। विदित हो कि यू0पी0 नीट पी0जी0–2024 की काउंसिलिंग (प्रथम / द्वितीय / तृतीय चक एवं स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड) की पंजीकरण प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन पोर्टल एक बार ही पंजीकरण हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 28.09.2024 को अपरान्ह 05:00 बजे तक खुला रहेगा। इस सम्बन्ध में पंजीकरण अवधि समाप्त होने के पश्चात् किसी भी प्रार्थना–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा

कृते महानिदेशक